मध्यप्रदेश विधान सभा

जून-जुलाई, 2004 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 16 जुलाई, 2004 (आषाढ़ 25, 1926)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री कैलाश चावला, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश स्टेट टेक्सटाईल कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल का 32 वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा (वर्षान्त 31 मार्च, 2003) पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री बृजेन्द्र तिवारी, डॉ. गोविन्द सिंह, श्री गजराज सिंह सिकरवार, सदस्य, प्रदेश के अनेक जिलों में सहकारी संस्थाओं द्वारा कृषकों को खाद, बीज उपलब्ध नहीं कराने की ओर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री सत्यदेव कटारे, निशिथ पटेल, के.पी. सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले में चुनाव के दौरान हुई हत्याओं के अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री नारायण त्रिपाठी, सदस्य, -

(क) बदेरा-बिहरा-टीकर-भदई मार्ग की स्वीकृति दिलाये जाने,
(ख) जजनार नदी से धर्मपुरा नाद गंजरिया तक सड़क बनाये जाने, तथा
(ग) भदनपुर-बराखुर्द मार्ग की स्वीकृति दिलाये जाने,

(2) श्री उमाशंकर गुप्ता, सदस्य, भोपाल शहर के बाग मुगालिया कालोनी एवं कटारा हिल्स के मध्य पुलिस चौकी स्थापित किये जाने;

(3) श्री रामप्यारे कुलस्ते, सदस्य, मंडला जिले में बकोरी नाला पर पुल बनाये जाने ; तथा

(4) श्री गजराज सिंह सिकरवार, सदस्य, मुरैना जिले के ग्राम गुढ़ा को चम्बल नदी के कटान से बचाये जाने,
के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

5. वर्ष 2004-2005 के आय व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)

निर्धारित समय			
			6. वर्ष 2004-2005 की अनुदानों की मांगों पर मतदान
	(1)	मांग संख्या - 12	ऊर्जा
		मांग संख्या - 46	विज्ञान और टेक्नॉलाजी
		मांग संख्या - 65	विमानन
2 घण्टे		मांग संख्या - 69	सूचना प्रौद्योगिकी
		मांग संख्या - 71	जैव विविधता (बायो-डायवर्सिटी) तथा जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नॉलाजी)
		मांग संख्या - 93	त्वरित विद्युत विकास से संबंधित व्यय.
	(2)	मांग संख्या - 3	पुलिस
		मांग संख्या - 4	गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय
3 घण्टे		मांग संख्या - 29	विधि और विधायी कार्य
		मांग संख्या - 72	भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास
		मांग संख्या - 85	ग्यारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अंतर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन-पुलिस
		मांग संख्या - 88	ग्यारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अंतर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन-न्याय प्रशासन.

7. अशासकीय संकल्प

(1) श्री उमाशंकर गुप्ता, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

45 मि. "सदन का यह मत है कि प्रदेश के चिकित्सालयों में रोगी कल्याण समिति द्वारा एकत्रित धन राशि को निर्माण कार्यों पर प्रतिबंधित कर केवल दवाईयों पर ही खर्च की जावे."

(2) सर्वश्री नारायण त्रिपाठी, अजय विश्नोई, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

1 घण्टा "सदन का यह मत है कि शासन प्रदेश में विद्यालयों, अस्पतालों, कब्रिस्तानों, श्मशानघाटों, शासकीय संस्थाओं तथा चरनोई भूमि, छोटे व बड़े कांस की वन भूमि एवं गोठान की भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराकर नागरिकों को सार्वजनिक उपयोग के लिये उपलब्ध कराये तथा यह सुनिश्चित करे कि ऐसी भूमि पर पुनः अतिक्रमण न हो."

(3) श्री जयसिंह मरावी, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

45 मि. "सदन का यह मत है कि शासन किसानों की गंभीर समस्याओं जैसे पटवारी से खाते की नकल लेने, सीमांकन कराने हेतु कठोर रूख अपनायें तथा नकल, सीमांकन व अतिक्रमण हटाने के लिए समय सीमा निर्धारित करे."

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 15 जुलाई, 2004